## खबर संक्षेप

### अपराधी को 4 माह तक पुलिस थाना में पेश होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने पड़खूरी थाना विजयराघवगढ़ निवासी भूरा ऊर्फ भूरेलाल पटेल पिता मैकूलाल पटेल 50 वर्ष को आगामी 4 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 15 तारीख को पुलिस थाना विजयराघवगढ़ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टिर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्तव प्रतिवेदन के आधार पर की है। भूरा के विरूद्ध वर्ष 2001 से अब तक कुल 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें साथियों के साथ मिलकर गुंडागर्दी, जुआ सट्टा खेलना और शराब बेचना जैसे अपराध शामिल है। इन प्रकरणों में भूरा को अर्थदंड लगाकर दण्डित भी किया जा चुका है जबकि एक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस द्वारा भूरा के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए आगामी 4 माह तक थाना विजयराघवगढ़ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया

**उमरियापान।** पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत ढीमरखेड़ा पुलिस ने एक लापता नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 8 जनवरी 2026 को एक नाबालिग बिना बताए घर से कहीं चली गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने नाबालिका को उमरिया से दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया।

### समग्र ई-केवाईसी में कटनी प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल

**कटनी।** शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पारदर्शी और समयबद्ध रूप से पहुँचे, इसके लिए चलाए जा रहे समग्र ई-केवाईसी अभियान में कटनी जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। समग्र आईडी को आधार से लिंक कर ई-केवाईसी पूर्ण करने के मामले में कटनी जिला प्रदेश के पाँच अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी की नियमित मॉनिटरिंग एवं सतत समीक्षा के परिणामस्वरूप जिले ने प्रदेश में चतुर्थ स्थान अर्जित किया है। अभियान के तहत अब तक जिले के 12 लाख 21 हजार 600 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी पूर्ण की जा चुकी है, जो कुल निर्धारित लक्ष्य का 93.3 प्रतिशत है। प्रशासन द्वारा शेष लक्ष्य को भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। है। अभियान के तहत अब तक जिले के 12 लाख 21 हजार 600 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी पूर्ण की जा चुकी है, जो कुल निर्धारित लक्ष्य का 93.3 प्रतिशत है।

## कोतवाली पुलिस को मिली सफलता, सराफा कारोबारी को भी गिरफ्तार कर भेजा गया हवालात

# धरे गये 4 शातिर बदमाश: 5 मंदिरों में हुई चोरियों का खुलासा, लाखों रूपये के आभूषण किये गये बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने काली मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था एवं माता का चांदी का मुकुट, चांदी का झुमका एवं सोने की नथ चोरी कर ले गये थे।

पुलिस के अनुसार 09.04.2026 को हीरागंज दक्षिण मुखी काली मंदिर के पुजारी मयंक दुबे के द्वारा थाना कोतवाली कटनी में सूचना दी गई। मंदिर में हुई चोरी पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं स्टाफ को मौके पर रवाना किया गया। टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया तो घटनास्थल के पास ही दो संदिग्ध लड़के मोटर सायकल से भागते हुए दिखे। इसी आधार पर अन्य आने जाने वाले रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेज चैक करते हुए संभावित रास्तों पर संदेहियों की पता तलाश की गई। 10.04.2026 को एक संदेही के तिलक कॉलेज के पास प्रेमनगर में होने की जानकारी लगी, जो टीम के द्वारा दविश देकर संदेही को पकड़ा गया जिसका नाम प्रकाश दुबे उर्फ अभिषेक दुबे पिता कृष्ण कुमार दुबे 20 वर्ष निवासी भोपाल हाल उड़यि मोहल्ला थाना एनकेजे कटनी का होना बताया।

संदेही से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने सौतेले भाई के साथ हीरागंज में दक्षिण मुखी काली माता मंदिर में चोरी की घटना घटित करना स्वीकार किया। आरोपी से पूछताछ करने पर जिला उमरिया के मानपुर रोहनिया के ज्वाला मुखी माता मंदिर एवं ग्राम ददरी के हनुमान मंदिर में तथा जिला कटनी के ग्राम पड़रिया थाना एनकेजे स्थित दुर्गा मंदिर में, थाना माधवनगर पिपरौध के दुर्गा माता मंदिर में अपने दोस्त व सौतेले भाई के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देना बताया। आरोपी से चोरी किए हुए माल के बारे में पूछताछ पर बताया कि



पुरानी चोरियों का माल जिला उमरिया निवासी राहुल सोनी के पास बेचा हूं और हीरागंज मंदिर से चोरी किए गए आभूषणों में से 01 सोने की नथ को राहुल सोनी को बेच दिया हूं और चांदी का सामान उमरिया में ही ज्वाला मुखी मंदिर के पास गाटर पुल के नीचे छिपाकर रखा हूं। बेचे हुए माल के पैसों को अपने सौतेले भाई और पिता को दिया हूं।

आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर मशरूका बरामद करते हुए आरोपी राहुल उर्फ लालू सोनी पिता पुरूषोत्तम दास सोनी 38 वर्ष निवासी उमरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जो आरोपी प्रकाश दुबे से चोरी का माल खरीदना स्वीकार किया जिसके कब्जे से हीरागंज मंदिर से चोरी की गई सोने की नथ बरामद की गई। साथ ही दिनांक 11.04.2026 को आरोपी कृष्ण कुमार दुबे पिता खुशाली दुबे नि. प्रेमनगर मल्टी के पास थाना एनकेजे एवं उसके सौतेले पुत्र विधिउल्लंघनकारी बालक को अभिरक्षा में लिया जाकर मशरूका बरामद किया गया है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने जिनको पकड़ा है उनमें प्रकाश दुबे उर्फ अभिषेक दुबे पिता कृष्ण कुमार दुबे उम्र 20 वर्ष नि. ओम अनाथालय अयोध्यानगर चार लाईन भोपाल हाल उड़यि मोहल्ला थाना एनकेजे कटनी 2. राहुल उर्फ लालू सोनी पिता पुरूषोत्तम दास सोनी उम्र 38 वर्ष नि. शांति मार्ग नं. 08 जिला उमरिया 3. कृष्ण कुमार दुबे पिता खुशाली दुबे नि. प्रेमनगर मल्टी के पास थाना एनकेजे 4. विधिउल्लंघनकारी बालक 15 वर्ष शामिल है।

### ये आभूषण किये बरामद

1. दिनांक 30.01.2026 को जिला उमरिया के मानपुर रोहनिया के ज्वाला मुखी माता मंदिर से 02 सोने की पत्तीदार आंख, 01 सोने की नथ, 01 सोने की गले की मनचली (गुरिया लगी हुई), चांदी के 02 मंगल सूत्र, 01 चांदी की करधन, आधा चांदी का झालदार करधन, 01 जोड़ी चांदी की पायल एवं दान पेटी से 4000 रूपये। 2. दिनांक 27.03.2026 को ग्राम पड़रिया थाना एनकेजे स्थित दुर्गा माता मंदिर से 01 चांदी का मुकुट, मंदिर की पेटी से चांदी की पायल, चांदी की कटोरी, चांदी की आंखे, सोने की 02 छोटी लॉकेट। 3. दिनांक 29.03.2026 को थाना माधवनगर के ग्राम पिपरौध स्थित दुर्गा माता मंदिर से चांदी के 02 छत्र, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की सुतिया। 4. दिनांक 03.04.2026 को जिला उमरिया के ग्राम ददरी स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का छत्र एवं चांदी का मुकुट। 5. दिनांक 09.04.2026 को थाना कोतवाली कटनी के हीरागंज दक्षिण मुखी काली मंदिर से चांदी का मुकुट, चांदी का 01 झुमका व सोने की नथ बरामद की गई।

## अवैध परिवहन पर 5 किमी पीछा कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में अवैध उत्खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी और साहसिक कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के मामलों में सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश के पालन में जिला टास्क फोर्स समिति द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिससे खनिज माफियाओं में हड़कंप की स्थिति है।

नगर निगम क्षेत्र में स्थित बंद पड़ी पुरानी लेटराइट खदानों से अवैध मलबा उठाव की सूचना मिलने के बाद खनिज विभाग की टीम पिछले दो दिनों से सक्रिय निगरानी कर रही थी। जांच में यह सामने आया कि कुछ स्थानीय तत्व फावड़े-तसले के माध्यम से मलबा एकत्र कर उसका अवैध परिवहन कर रहे थे। खनिज



अमले ने सुनियोजित रणनीति के तहत रविवार 13 अप्रैल की अलसुबह घेराबंदी कर कार्रवाई की। सुबह करीब 6 बजे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को बिना वैध दस्तावेज के खनिज परिवहन करते हुए चिन्हित किया गया। टीम को देखकर चालक ने ट्रॉली खाली कर भागने का प्रयास किया, लेकिन खनिज अमले ने लगभग 5 किलोमीटर तक पीछा कर उसे धर दबोचा। जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित पुलिस थाना माधवनगर में खड़ा कराया गया है।

### तीन दिन में कार्यों में प्रगति नहीं होने पर होगी वेतन कटौती की कार्यवाही

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन और पेयजल की उपलब्धता के कार्यों में तीन दिवस में वांछित प्रगति नहीं आती है तो संबंधित उपयंत्रियों के साथ ग्राम पंचायतों पर भी कार्रवाई होगी। आयुष्मान कार्ड बनाने, ई केवाईसी कार्य, लोक सेवा गारंटी प्रकरण, संबल पंजीयन और अनुग्रह सहायता के प्रकरणों में तत्परता पूर्वक कार्यवाही करें। प्रगति नहीं आने पर ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक के वेतन से कटौती की जाएगी। इस आशय के निर्देश जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं अन्य अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सर्वोच्च प्राथमिकता से जल गंगा संवर्धन अभियान एवं ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल की उपलब्धता हेतु सख्त निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत सीईओ ढीमरखेड़ा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में योजनावार ग्राम पंचायतों की समीक्षा हुई। पीएम आवास पूर्णता के संबंध में भी तेजी से कार्य करने के निर्देश सहायक परियोजना अधिकारी मृगेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायतों को दिए।

## आवारा मवेशियों को पकड़कर भेजा गया कांजी हाउस



शहर में नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा आवारा एवं घुमंतू मवेशियों के विरुद्ध सघन अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी क्रम में हांका टीम द्वारा शनिवार शाम शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों जिला चिकित्सालय मार्ग स्थित स्टेट बैंक तिराहा, महारानी लक्ष्मी बाई तिराहा, फायर ब्रिगेड कार्यकाल मार्ग सहित वार्ड क्रमांक 14 स्थित रबर फैक्ट्री रोड़ एवं अन्य मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 20 घुमंतू मवेशियों को सुरक्षित पकड़ा गया। पकड़े गए मवेशियों को काऊ कैचर वाहन के माध्यम से नियमानुसार कांजी हाउस भेजा गया, जहां उनके रख-रखाव एवं आवश्यक देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर मवेशियों की आवाजाही से उत्पन्न होने वाली दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करना तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना है।

## गृहमंत्री अमित शाह से विधायक पाठक ने की भेंट, महत्वपूर्ण मुद्दों पर की विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर ने सौजन्य भेंट की। यह मुलाकात आत्मीय एवं सार्थक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्रीय विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। भेंट के दौरान विधायक श्री पाठक ने विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति से केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से सड़क निर्माण एवं उन्नयन, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था, शिक्षा



के क्षेत्र में हो रहे सुधार तथा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उनके सकारात्मक प्रभावों पर भी प्रकाश डाला।

विधायक श्री पाठक ने क्षेत्र की आवश्यकताओं और भविष्य की विकास योजनाओं को लेकर भी केंद्रीय गृह मंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि विजयराघवगढ़ क्षेत्र में समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने विधायक श्री पाठक द्वारा प्रस्तुत जानकारी को गंभीरता से सुना और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार की ओर से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों को और गति मिल सके। विधायक श्री पाठक को जनसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं।

*सभी महाविद्यालयों में मनाया जाएगा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा*

## छात्राओं को कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा सहित अन्य विषयों की दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के सभी महाविद्यालयों में 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाविद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी महाविद्यालयों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शैक्षणिक संस्थानों में 'नारी सशक्तिकरण' एवं 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' का आयोजन 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक किया जाएगा। विशेष व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' में निहित प्रावधानों पर व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही छात्राओं को उनके कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर लैंगिक समानता तथा वित्तीय साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जाएगी। गतिविधियों का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में क्षेत्र की महिला जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित एवं प्रतिभाशाली महिलाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली उद्यमी महिलाओं को आमंत्रित कर उनके अनुभव और विचार साझा किए जाएंगे।

### ये होंगे आयोजन

'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' के अंतर्गत कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर लैंगिक समानता जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान एवं संवाद, नारी शक्ति वंदन, कल की महिला नेतृत्व, शिक्षा से सशक्तिकरण विषयों पर पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### कौशल विकास और उद्यमिता प्रदर्शनी

आत्मरक्षा एवं शारीरिक सशक्तिकरण के अंतर्गत प्रतिभागियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, मार्शल आर्ट्स, जूडो-कराटे तथा ताइक्वांडो का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा हीमोग्लोबिन जांच, पोषण संबंधी परामर्श तथा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों के समग्र स्वास्थ्य और आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके।

### महिलाओं को कंप्यूटर एकाउंटिंग प्रशिक्षण

**कटनी।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी में संस्थान के जिले के विभिन्न विकासखंडों की स्व-सहायता समूह एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाली महिलाओं को 38 दिवसीय कंप्यूटर एकाउंटिंग का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षणदिया जा रहा है। प्रशिक्षण में संचालक द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में कंप्यूटर की उपयोगिता, बैंकों में विभिन्न खातों की जानकारी एवं बीमा, रामसुख दुबे द्वारा रोजगार स्वरोजगार एवं उद्यमिता की विस्तृत जानकारी दी गई जिससे प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें।

**जिले में 1.44 लाख महिलाएं समूहों से जुड़ी, 8 हजार से अधिक बनीं 'लखपति दीदी**

# आत्मनिर्भरता: आर्थिक बदलाव से बदली जिंदगी, बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से जिले में महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिल रहा है। हजारों ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता, सम्मान और नई पहचान की अलख जगा दी है।

जिले में वर्तमान में 11 हजार 600 स्व-सहायता समूहों से करीब 1 लाख 44 हजार महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इन समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल अपनी आजीविका सुदृढ़ कर रही हैं, बल्कि आर्थिक समृद्धि के नए आयाम भी स्थापित कर रही हैं। कृषि, पशुपालन और गैर-कृषि



गतिविधियों से जुड़कर अब तक 8 हजार 23 महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं, जो औसतन 10 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह की आय अर्जित कर रही हैं। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है, जो जिले में महिला सशक्तिकरण की मजबूत होती नींव को दर्शाता है।

कलेक्टर का कहना है कि मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण गरीब महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसके लिए उन्हें बैंकिंग सहयोग, प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महिलाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार कृषि, पशुपालन, लघु उद्योग, कौशल विकास और उद्यमिता से जुड़े प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और परिवार की आर्थिक स्थिति में निर्णायक भूमिका निभा सकें।

आज 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान बना चुकी महिलाएं केवल अपने परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे गांव के विकास की धुरी बन चुकी हैं। वे अब सालाना 1.20 लाख रुपये या उससे अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। यह पहचान केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, सम्मान और सामाजिक बदलाव का प्रतीक बन गई है। मिशन के तहत महिलाओं को 'समुदाय स्त्रोत व्यक्ति' के रूप में विकसित किया गया है। आज ये महिलाएं उद्यम सखी, बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, लोकोस दीदी और समता सखी के रूप में गांव-गांव में नेतृत्व कर रही हैं। वे अन्य महिलाओं को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ बैंकिंग, सरकारी योजनाओं और तकनीकी जानकारी का सेतु भी बन रही हैं। डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में भी महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। मोबाइल ऐप के माध्यम से वे योजनाओं की प्रगति दर्ज कर रही हैं और पारदर्शिता सुनिश्चित कर रही हैं। कई समूहों की महिलाएं कियोस्क सेंटर संचालित कर ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं और सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रही हैं।

ग्रामीण महिलाओं की बदलती भूमिका का एक सशक्त उदाहरण यह है कि अब वे स्वयं अपने समूहों का वित्तीय ऑडिट भी कर रही हैं। जो महिलाएं कभी बैंकिंग और लेखा-जोखा से दूर थीं, आज वे खातों का प्रबंधन, समीक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित कर रही हैं।

## रेडीमेड कपड़ा गोदाम में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित एक रेडीमेड कपड़ा गोदाम में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरा क्षेत्र धुएं से भर गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार माधव नगर मुख्य बाजार में नारायण बेकरी के पीछे स्थित 'पोशाक गारमेंट' के कपड़ा गोदाम में अचानक आग भड़क उठी। गोदाम में बड़ी मात्रा में रेडीमेड कपड़े और ज्वलनशील सामग्री रखी होने से आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। स्थानीय



लोगों ने तत्काल गोदाम संचालक राममोहन लाल मेहानी तथा फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग के तीन वाहन मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए आग पर नियंत्रण पाया तथा उसे आसपास की दुकानों और रिहायशी भवनों तक फैलने से रोक लिया। यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो मुख्य बाजार का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ सकता था। आगजनी में गोदाम में रखा लाखों रुपये का रेडीमेड कपड़ा स्टॉक जलकर नष्ट होने की आशंका जताई जा रही है। गोदाम संचालक के अनुसार वास्तविक नुकसान का आकलन स्टॉक मिलान के बाद ही किया जा सकेगा। सूचना मिलते ही माधव नगर पुलिस भी मौके पर पहुंची और भीड़ नियंत्रण के साथ राहत कार्य में सहयोग किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## अवैध निर्माण पर 60 लाख का लगा जुर्माना

**कटनी।** शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर बरगवां क्षेत्र में नियमों के विरुद्ध निर्मित एक भवन पर लगभग 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के अनुसार संबंधित भवन निर्माण नगर निगम की निर्धारित अनुमति एवं भवन निर्माण नियमों की अनदेखी कर किया गया था। जांच के बाद इसे अवैध निर्माण की श्रेणी में पाते हुए निगम प्रशासन ने यह कार्रवाई की। नगर निगम की इस कार्रवाई को प्रशासन का सख्त संदेश माना जा रहा है। आम नागरिक जहां भवन निर्माण नियमों का पालन करते हैं, वहीं कुछ प्रभावशाली लोग रसूख के दम पर नियमों की अनदेखी करते रहे हैं। निगम की कार्रवाई ने स्पष्ट कर दिया है कि कानून सभी के लिए समान है। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने बताया कि शहर में अवैध निर्माण के कई अन्य मामलों को चिन्हित किया गया है। आने वाले समय में ऐसे निर्माणों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की इस कार्रवाई के बाद शहर में अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## जिले भर में ग्राम सभाओं का आज होगा आयोजन

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशों के मुताबिक एवं मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 6 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत 14 अप्रैल 2026, अंबेडकर जयंती को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं को आयोजित करने के आदेश कलेक्टर आशीष तिवारी ने जारी किए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने ग्राम सभाओं में नियमित एजेंडा और स्थानीय कार्यसूची को सम्मिलित करते हुए पूर्व में नियुक्त स्थाई नोडल अधिकारियों के माध्यम से राज्य शासन के निर्देशानुसार ग्राम सभाओं का आयोजन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश नोडल अधिकारियों, ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों को दिए हैं। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की अधिकतम भागीदारी हेतु व्यापक प्रचार प्रसार एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। ग्राम सभाओं के आयोजन के संबंध में समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और समस्त ग्राम पंचायतों को पालन करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

## घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचायें, 25 हजार की राशि मिलेगी

**कटनी।** सड़क दुर्घटना में पीड़ित घायल व्यक्ति के सही समय पर अस्पताल न पहुंचने के कारण घायल व्यक्ति की मृत्यु तक हो जाती है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने मे आम नागरिकों को यह भय रहता है कि वे भी पुलिस कार्यवाही के भागी बन जायेंगे अर्थात घायल को अस्पताल पहुंचाने की मदद करने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा पुछताछ की जायेंगी, जिस कारण से आम नागरिक चाहते हुए भी पुलिस कार्यवाही के भय से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में ले जाने से कतराते है, किन्तु ऐसा नही है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से राहवीर योजना लागू की गई है, ताकि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पीड़ित को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सके। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को राहवीर की परिभाषा मे शामिल किया गया है। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान है।

### जाग्रति पार्क में राहगीरी डे पर विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

# सुकून के पल : उलझन भरी जिंदगी में आनंद एवं रोमांच का किया एहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम प्रशासन द्वारा जागृति पार्क में नवाचार के रूप में “राहगीरी डे” का आयोजन किया गया। मनोरंजन के साथ स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाले इस आयोजन ने नागरिकों को भाग-दौड़ भरी जिंदगी से राहत दिलाने का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा खुले मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आनंदपूर्ण वातावरण का निर्माण किया।

कार्यक्रम में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, गोविंद चावला, मौसूफ अहमद बिट्टू, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नीलम जगवानी, निशा तिवारी एवं जागृति पार्क के सचिव निरंजन पंजवानी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक उपस्थित रहे।

राहगीरी डे के दौरान विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सांप-सीढ़ी, बोरा दौड़, पिट्टू, रस्साकशी, कैरम, शतरंज, म्यूजिकल चेयर, योगा और जुंबा प्रमुख रहे। इन गतिविधियों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खुद को तनावमुक्त करते हुए स्वस्थ जीवनशैली की ओर कदम बढ़ाया। निगमायुक्त ने भी सभी गतिविधियों में सहभागिता कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रस्साकशी प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महिला वर्ग और पुरुष वर्ग के बीच हुए मुकाबले में महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। वही विभिन्न चरणों में खुले आसमान और हरियाली के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता ने उपस्थित लोगों में जोश और उत्साह का संचार किया।

आयोजन के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नागरिकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। अमानक प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छ शहर निर्माण में सहभागिता की अपील की गई। इस अवसर पर निगमायुक्त ने सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

राहगीरी डे में जुंबा कार्यक्रम ने विशेष आकर्षण का रूप लिया। नेहा मोटवानी एवं उनकी टीम के संगीत पर महिलाएं, बच्चे और अन्य नागरिक थिरकते नजर आए। स्वयं निगमायुक्त ने भी इसमें भाग लेकर कार्यक्रम की ऊर्जा को और बढ़ाया। वही आयोजित योगा कार्यक्रम में भी नागरिकों ने सहभागिता कर स्वास्थ्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को “स्वच्छता चैंपियन” सैश पहनाकर तथा तुलसी के पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। बच्चों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया, वहीं स्वच्छता मित्रों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने कहा कि राहगीरी डे का उद्देश्य नागरिकों को तनावमुक्त जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन और बेहतर रूप में किए जाएंगे, ताकि नागरिकों को स्वस्थ, सक्रिय और सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा सके।



## आगजनी की घटना से कई एकड़ में लगी फसल हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही तहसील के ग्राम खन्ना स्थित छैघरा क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब 12 बजे भीषण आग लगने से लगभग 30 एकड़ रकबे में खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। आग की वजह 11 केव्ही विद्युत लाइन के जंफर से निकली चिंगारी बताई जा रही है, जिसने देखते ही देखते खेतों को अपनी चपेट में ले लिया।

आगजनी की घटना में ग्राम सरपंच हरिहर पटेल सहित किसान गोविंद पटेल, नीरज पटेल, रामावतार यादव, शीतल पटेल और भूपति पटेल के खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक बड़ी मात्रा में फसल जल चुकी थी।

सूचना मिलने पर नगर परिषद बरही का दमकल दस्ता मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। बताया जा रहा है कि इस घटना से करीब 20 किसान प्रभावित हुए हैं।

पीड़ित किसानों ने विद्युत विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि संबंधित स्थान पर 11 केव्ही लाइन का जंफर लगा हुआ है और विभाग द्वारा खुले तारों के माध्यम से लगभग 4 किलोमीटर दूर तक बिजली सप्लाई दी जा रही है, जिससे चिंगारी निकलकर फसलों में आग लग गई।

घटना के बाद पीड़ित किसान राजस्व अमले से नुकसान का सर्वे कराने की मांग कर रहे हैं। किसानों ने तहसीलदार बरही से संपर्क करने की कोशिश की उनसे संपर्क नहीं हो सका।

किसानों ने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि उनके सामने खड़े आजीविका संकट को दूर किया जा सके।

*आरपीएफ ने स्टेशन में डेढ़ सैकड़ा से अधिक बच्चों को ट्रेन से उतारा*

## संदिग्ध परिस्थितियों में बच्चों को ले जाने पर आरपीएफ ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर गत रात रेलवे सुरक्षा बल और संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पटना-पुणे एक्सप्रेस से 167 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित नीचे उतारा। आशंका जताई जा रही है कि इन बच्चों को बाल श्रम या मानव तस्करी के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। प्रशासन अब इस पूरे मामले की गहराई से तफ्तीश कर रहा है।

आरपीएफ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चों को संदिग्ध परिस्थितियों में ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही जीआरपी (GRP), महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल सुरक्षा अधिकारी और रेलवे प्रशासन की संयुक्त टीम प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर मुस्तैद हो गई। जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर रुकी, सुरक्षा घेरा बनाकर सभी बच्चों को कोच से नीचे उतारा गया।

बाल सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, रेस्क्यू किए गए सभी बच्चे एक विशेष समुदाय से हैं और बिहार के रहने वाले हैं। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि इन्हें महाराष्ट्र के लातूर स्थित एक मदरसे में ले जाया जा रहा था। हालांकि, इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को ले जाने के पीछे के वास्तविक उद्देश्यों और दस्तावेजों की पुष्टि नहीं हो पाई है, जिससे मामला संदिग्ध बना हुआ है।

बच्चों के साथ यात्रा कर रहे 7 व्यक्तियों को टीम ने हिरासत में लिया है। आरपीएफ थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों को फिलहाल सुरक्षित स्थान पर रखा गया है और उनकी काउंसलिंग की जा रही है। बाल कल्याण समिति (CWC) के सदस्य मौके पर मौजूद हैं और बच्चों के पहचान पत्रों व अन्य दस्तावेजों की गहनता से जांच की जा रही है।

महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल संरक्षण टीम इस बात की जांच कर रही है कि क्या इन बच्चों के माता-पिता को इस प्रवास की पूरी जानकारी है या उन्हें काम दिलाने के बहाने कहीं और भेजा जा रहा था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक बच्चों को सुरक्षित संरक्षण में रखा जाएगा और दोषियों के पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जल का महत्व बताकर संरक्षण के लिये किया प्रेरित



कलेक्टर आशीष तिवारी के दिशा-निर्देश एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम कल्हैयाकला में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जुझारी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु नारा लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जल के महत्व एवं संरक्षण की आवश्यकता के बारे में बताया गया तथा प्रेरणादायक नारे लिखवाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में समिति के राकेश चौधरी सोमनाथ प्रधान का सराहनीय सहयोग रहा।

## मेगा शिविर में मरीजों का किया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरवारी शासकीय होम्योपैथिक औषधालय में होम्योपैथिक के जनक डॉक्टर हैनीमैन की जयंती का कार्यक्रम बड़े उत्साह पूर्वक 271 वा जन्मदिवस संचालक आयुष विभाग भोपाल के निर्देशन में एवं कटनी आयुष विभाग जिला अधिकारी डॉक्टर आशीष रेजा के मार्गदर्शन में ग्राम मुराबारी में मेगा शिविर का आयोजन रखा गया जिसकी अध्यक्षता जनपद सदस्य (महिला बल एवं स्वास्थ्य विभाग सभापति) श्रीमती ज्योति दीपू बैरागी द्वारा की गई एवं डॉक्टर के चित्र पर माला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

समाजसेवी बृजभूषण दीपू बैरागी द्वारा बताया गया कि इसकी शुरुवात बड़ी कड़ी मेहनत से 2012-13 में खुलवाया गया था जो कि अपने कटनी जिला में यह सौभाग्य मुरवारी एवं कछगवां में ही दो आयुष अस्पताल हैं ।

होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक के विषय में नागरिकों को समुचित जानकारी दी गई। डॉक्टर रामगोपाल गुप्ता जी डां हेमंत हल्दकार जी ने भी होम्योपैथिक के बारे में विस्तार से बताया एवं मेगा शिविर में 100 से अधिक मरीज का इलाज किया गया देखे।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सचिव ग्रामीण जन दयाराम पटेल लल्लू पटेल सतीश हल्दकार सुशील चौबे विक्की बैरागी प्रकाश बैरागी डबलू तिवारी विमल पटेल आशा कार्यकर्ता दीपा पटेल उर्मिला हल्दकार विश्राम हल्दकार शंकर यादव एवं ग्रामीणों जन की उपस्थिति सराहनीय रही। एवं मेगा शिविर का लाभ लिया और ग्रामीणों ने इस सराहनीय होम्योपैथिक के इलाज को धन्यवाद किया।

*आरटीई अधिनियम विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन*

## प्रभावी क्रियान्वयन एवं जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ बनाना है प्रशिक्षण का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी अंतर्गत संचालित ई-दक्ष केंद्र में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के लगभग 30 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

यह प्रशिक्षण भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली एवं आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल के तत्वाधान में संचालित तथा द्वारा प्रायोजित सूचना का अधिकार परियोजना के अंतर्गत संपन्न हुआ । प्रशिक्षण का उद्देश्य विभागीय स्तर पर सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नागरिकों को समयबद्ध सूचना उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। दो दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के मूल प्रावधान, लोक सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी की भूमिका, आवेदन प्राप्ति से निराकरण तक की संपूर्ण प्रक्रिया, निर्धारित समय-सीमा, अपवाद स्वरूप सूचना, दंडात्मक प्रावधान, अभिलेख संधारण, रिकॉर्ड प्रबंधन तथा विभागीय पारदर्शिता से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान ई दक्ष केंद्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक सुनील त्रिपाठी द्वारा व्यवहारिक केस स्टडी, वास्तविक विभागीय उदाहरण, आवेदन निस्तारण की प्रक्रिया, रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन आवेदन प्रबंधन, अपील प्रकरणों के निराकरण तथा नागरिक हित में समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। इससे प्रतिभागियों को अधिनियम की व्यावहारिक समझ विकसित करने और विभागीय कार्यों में उसके प्रभावी उपयोग की जानकारी प्राप्त हुई। जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस सौरभ नामदेव ने बताया की कलेक्ट्रेट में स्थापित ई-दक्ष केंद्र में शासकीय कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन, डिजिटल कार्यकुशलता एवं प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न विषयों पर नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### छात्र छात्राओं द्वारा निकाली गई जन जागरूकता रैली

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए गंभी संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातककोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के द्वारा नगर निगम कटनी की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं हरित कोर योजना, ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के विषय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई के निर्देशन एवं डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ. माधुरी गर्ग कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के मार्गदर्शन में जन जागरूकता रैली निकाल कर दुकानदारों को पॉलिथीन का उपयोग न करने की समझाएं दी गई।

एकल उपयोग प्लास्टिक जिसे उपयोग के तुरंत बाद फेंक दिया जाता है, यह हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर संकट का कारण बनता जा रहा है। यह प्लास्टिक पर्यावरण को प्रदूषित करने के साथ-साथ हमारी पारिस्थितिकी तंत्र पर दीर्घकालिक प्रभाव डालती है। ‘प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण को बचाओ’, ‘एक में डालो सूखा कचरा, एक में डालो गीला कचरा’, ‘गांधीजी ने बात सिखाई, साफ सफाई साफ सफाई’, ‘कचरा प्रबंधन अपनाओ, भारत को स्वच्छ बनाओ’ आदि नारों के माध्यम से समाज को जागृत किया गया।

जन जागरूकता रैली तिलक महाविद्यालय कटनी से निकलकर खिरहनी दुर्गा चौक होते हुये शासकीय तिलक महाविद्यालय में संपन्न हुई।

### जल संरक्षण की दिलाई शपथ

कार्यक्रम के अंत में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन जैसे कुओं, नदी नालों, तालाबों की संरक्षण हेतु डॉ. माधुरी गर्ग द्वारा शपथ दिलाई गई।

इस दौरान डॉ. माधुरी गर्ग, श्रीमती ज्योत्सना आठ्या, डॉ. सरदार दिवाकर, डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी, डॉ अतुल कुमार, ओम साईं विजन से ऋषभ कनाडे, मनीष सिंह, नितेश सिंह, संजय चौधरी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## ई-विकास' प्रणाली के क्रियान्वयन हेतु विकासखंडवार प्रशिक्षण

**कटनी।** किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक वितरण करने के लिये कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 1 अप्रैल से लागू ई-विकास प्रणाली के सफल संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। विकासखंड विजयराघवगढ़ और कटनी में आयोजित प्रशिक्षण में सचिव, ग्राम सहायक, पटवारी, पैक्स के समिति प्रबंधक और डबल लॉक केंद्रों के प्रभारियों को राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित किया गया। ई-विकास प्रणाली किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की एक नई पहल है। इसके माध्यम से उर्वरक वितरण में पारदर्शिता आएगी और किसानों को खाद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से खाद की कालाबाजारी पर रोक लगेगी और लाभार्थी को लाभ मिलेगा।

## उर्वरक लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा उर्वरकों का वितरण ई-विकास प्रणाली से करने के निर्देश दिए गए हैं। उर्वरकों का विक्रय ई-विकास प्रणाली के माध्यम से नहीं करने पर उपसंचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास अरूणिमा सेन आयंगर ने विकासखण्ड बडवारा के अंतर्गत बरही स्थित उर्वरक विक्रय संस्थान मेसर्स रामराज खाद बीज भंडार (अनिल कुमार यादव) अमरपुर रोड का उर्वरक विक्रय लाईसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। म.प्र. शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2026 से ई-विकास प्रणाली के माध्यम से शत-प्रतिशत उर्वरको का वितरण अनिवार्य किया गया है, किन्तु उर्वरक विक्रय संस्थान द्वारा 3 एवं 5 अप्रैल की अवधि में उर्वरकों का विक्रय ई-विकास प्रणाली के माध्यम से नही किया गया जो म.प्र. शासन के द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना है। इसके बाद प्राधिकृत अधिकारी उर्वरक एवं उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अरूणिमा सेन आयंगर ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खण्ड 31 (2) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये उर्वरक विक्रय संस्थान का उर्वरक विक्रय लाईसेंस जो कि 7 जून 2028 तक वैध था, को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही अपना स्पष्टीकरण 7 दिवस में कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दियें हैं। उपसंचालक ने यह भी स्पष्ट किया है कि स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाये जाने पर आपका उर्वरक विक्रय लाईसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। निलंबन अवधि में क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा, आदेश की अवहेलना पाये जाने पर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

**खबर संक्षेप**

## दबंगों ने किया बुजुर्गों पर हमला भतीजा भी घायल

**पन्ना।** जिले की ककरहटी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम मोहन पूरा में हार्वेस्टर से गेहूं निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ जिसमें एक वृद्ध को तथा उनके भतीजे को बुरी तरह लाठी डंडों से पीटा गया जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल को रामकिशोर त्रिपाठी अपना गेहूं हार्वेस्टर से निकलवा रहे थे इस दौरान आरोपी अरुण द्विवेदी अमित द्विवेदी तथा उदित द्विवेदी द्विवेदी द्वारा प्राण घातक हमला किया गया जिसमें रामकिशोर त्रिपाठी हरि नारायण तथा वेद नारायण त्रिपाठी को गंभीर चोटें आए हैं जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 296351 के तहत मामला कायम किया है आवेदक रामकिशोर के सिर पर टांके लगे हुए हैं तथा हरिराम के हाथ में फैक्चर है आगे रखना आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, तीन डंपर जप्त

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदौरा चौकी पुलिस ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन डंपरों को जप्त किया है। यह कार्रवाई उस समय की गई, जब स्थानीय लोगों ने संदिग्ध वाहनों को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। चंदौरा चौकी प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़े गए तीनों डंपर उत्तर प्रदेश के हैं, जिनसे अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था। क्षेत्र में इन दिनों नहर निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते बाहरी वाहनों के माध्यम से रेत की ढुलाई की जा रही थी।

### वैशाख के साथ बढ़ी तपिश, लोगों ने शुरू किया कूलर का सहारा

# गर्मी का जोर, ठंडे पदार्थों की ओर बढ़ा रुझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

वैशाख माह के दूसरे सप्ताह के साथ ही क्षेत्र में गर्मी ने धीरे-धीरे अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। हालांकि इस बार मौसम में आए बदलाव और बीच-बीच में हुई हल्की बरसात के कारण तापमान अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया था, लेकिन बीते दो-तीन दिनों में मौसम ने करवट ली है और तेज धूप के साथ गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। वहीं, गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडे पेय पदार्थों सहित गन्नै की रस की मांग में तेजी आई है। बाजारों में आइसक्रीम, ठंडा



पानी, कोल्ड ड्रिंक, जूस और अन्य शीतल पेय पदार्थों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। दुकानदारों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में बिक्री लगभग दोगुनी हो गई है। गर्मी के बढ़ते प्रभाव का असर घरेलू जीवन पर भी साफ नजर आने लगा है। दोपहर के समय लोग घरों में कूलर और पंखों का सहारा लेने लगे हैं। कई घरों में लंबे समय से बंद पड़े कूलर अब फिर से चालू कर दिए गए हैं। इसके साथ ही बाजार में कूलर, पंखे और अन्य शीतलन



उपकरणों की मांग भी बढ़ी है, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। चिकित्सकों ने भी इस बदलते मौसम में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेज गर्मी और लू से बचने के लिए अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए तथा धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखना चाहिए। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है।कुल मिलाकर, तेंदूखेड़ा क्षेत्र में गर्मी ने अब अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, जिससे लोगों को और अधिक सावधानी बरतने की जरूरत होगी।

## बिना रजिस्ट्रेशन संचालित दवाखान निगरानी जरूरी

**पथरिया।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम मेहलवारा में गंभीर बीमारियों का इलाज बिना डाक्टर के निर्देश में चल रहा है जहां पैरालाइसिस का इलाज किया जा रहा है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के दिशा निर्देश पर भी झोलाछाप डॉक्टरों पर कही भी कार्यवाही की बात हो तो किस तरह से चिन्हित कर की जा जाती है किसी से छिपी नही हालात यह है कि सब की नजर में होने के बाद भी नजर अंदाज किए हुए हैं क्योंकि सबको मालूम है फिर भी कार्यवाही नही कर पाते जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद भी कोई रजिस्ट्रेशन नही करवा रहें, बिना डिग्री के अपने आपको स्पेशलिस्ट डॉक्टर समझ बैठे है प्रमुख सड़कों पर जहां से अधिकारियों की आवा-जाही फिर भी डर नही मतलब साफ़ है कि कोई ना कोई राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है जिस कारण से शासन के निर्देश के बाद भी कोई कार्यवाही नही हो रही है।

# कर्म, भक्ति और ज्ञान का संतुलन ही जीवन को सफल बनाता है - कमलेश्वरानंद जी महाराज

### श्रीमद्भागवत कथा में महाभारत चरित एवं परीक्षित कथा का विस्तृत वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मांगज वार्ड नम्बर 4 लोको में बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथावाचक श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज के मुखारविंद से चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन महाभारत चरित एवं राजा परीक्षित की कथा का अत्यंत विस्तार से, भावपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक वर्णन किया गया। कथा व्यास श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने महाभारत प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताया कि यह केवल कौरव-पांडवों का युद्ध नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में धर्म और अधर्म के बीच चलने वाले संघर्ष का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों और मार्गदर्शन ने पांडवों को हर संकट में सही निर्णय लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने विशेष रूप से गीता के उपदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि कर्म, भक्ति और ज्ञान का संतुलन ही जीवन को सफल बनाता है। महाभारत के विभिन्न प्रसंगों जैसे विभिन्न प्रसंगों का जीवंत चित्रण कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया गया। कथा व्यास ने कहा कि इन घटनाओं से हमें सत्य, धैर्य, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश मिलता है। इसके पश्चात राजा परीक्षित की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। बताया गया कि वे अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु के पुत्र थे और बचपन से ही धर्मपरायण, न्यायप्रिय एवं प्रजावत्सल राजा थे। उनके शासनकाल में प्रजा सुखी और संतुष्ट थी। एक बार शिकार के दौरान प्यास और थकान से व्याकुल होकर राजा परीक्षित ने अनजाने में एक तपस्वी ऋषि का अपमान कर दिया। इस घटना से क्रोधित होकर ऋषि के पुत्र ने उन्हें श्राप दिया कि सातवें दिन तक्षक नाग के डसने से उनकी मृत्यु होगी। श्राप का समाचार मिलते ही राजा परीक्षित ने राजपाट



त्यागकर वैराग्य धारण किया और गंगा तट पर जाकर ईश्वर भक्ति में लीन हो गए। वहीं उन्हें महान संत शुकदेव जी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। शुकदेव जी ने सात दिनों तक उन्हें श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराया, जिसमें भगवान की लीलाओं, भक्ति मार्ग और मोक्ष के रहस्यों का वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा कि यह प्रसंग मानव जीवन की क्षणभंगुरता को दर्शाता है और यह सिखाता है कि मृत्यु निश्चित है, इसलिए जीवन का प्रत्येक क्षण भगवान की भक्ति, सत्संग और अच्छे कर्मों में लगाना चाहिए। राजा परीक्षित की तरह यदि मनुष्य अंतिम समय में भी सच्चे मन से ईश्वर का स्मरण करे, तो उसे मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन, शंख-घंटों की ध्वनि और "हरि नाम संकीर्तन" से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा श्रोता श्रीमती पूनाबाई धनीराम पटेल एवं श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर कथा का श्रवण किया और अनेक लोगों की आंखें नम हो गईं।

## तेजगढ़ में मनाई जायेगी भीमराव अंबेडकर जयंती

**तेजगढ़/तेंदूखेड़ा।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के संयुक्त तत्वाधान में इस बार संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती का कार्यक्रम तेजगढ़ में आयोजित किया जा रहा है जिसमें वरिष्ठ बुद्धिजीवी जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी तथा सर्व समाज के लोग कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है यह कार्यक्रम संवैधानिक रूप से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को समर्पित है उनके द्वारा रचित संविधान की जानकारी वक्ताओं द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को दी जाएगी जय आदिवासी युवा शक्ति जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जानकारी दी की 14 अप्रैल संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती का कार्यक्रम इस बार एससी, एसटी एवं ओबीसी के संयुक्त तत्वावधान मे रेस्ट हाउस तेजगढ़ मैं आयोजित किया जा रहा है जिसमें संवैधानिक रूप से चर्चा की जानी है उन्होंने बताया कि ग्राम तारादेही से भव्य बाइक रैली समनापुर , दरौली होते हुए तेंदूखेड़ा पहुंचेगी जहां पर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा इसके बाद पुनः रैली तेंदूखेड़ा से होते हुए ग्राम सांगा मैं बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए तेजगढ़ पहुंचेगी तत्पश्चात नगर भ्रमण करते हुए मंचीय कार्यक्रम 2 बजे से प्रारंभ किया एससी ,एसटी, ओबीसी एवं सर्व समाज तथा क्षेत्र वासियों से सादर अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# जयकारों के साथ हुआ मासिक महाआरती का आयोजन

**दमोह।** परमहंस योगीराज धर्म सम्राट योग्यचेतना पुरुष सदगुरुदेव श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वाधान में प्रत्येक माह की भांति इस माह भी कृषि उपज मंडी सागर नाका दमोह में मासिक महा आरती का भव्य आयोजन संपन्न किया गया जिसमें हजारों मां भक्तों ने मां की दिव्य साधना आराधना की और दिव्य शक्ति जल प्रसाद प्राप्त किया समापन की बेला में गुरुवर श्री की विचारधारा से अवगत कराते हुए भगवती मानव कल्याण संगठन के किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह राजपूत ने कहा कि मानव जीवन के लिए इस कलीकाल के वातावरण से पार जाने के लिए गुरुवर



द्वारा प्रदान की गई दिव्य साधना से ही भवसागर पर किया जा सकता है गुरुवार ने कहा है हमें नशा मुक्ति मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवानों का जीवन जीते हुए जन कल्याण आत्म कल्याण की भावना रखते हुए अगर मां की साधना करते हैं तो निश्चित ही फलीभूत होती है मीडिया प्रभारी आनंदी रजक ने कहा की समाज में फैली हुई बुराइयां छुआछूत जातिवाद ऊंच नीच जैसे मानव विकृतियों को दूर करने के लिए गुरुवर श्री की विचारधारा पर चलना नितांत आवश्यक है भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती आरती सिंह ने कहा की विश्व के जितने भी मानव हैं उनके प्रथम तीन मूल कर्तव्य हैं अपने धर्म की रक्षा करना समर्थ के हिसाब से मानवता की सेवा करना और राष्ट्र की रक्षा करना हमारा मानवीय कर्तव्य हैं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती चित्र राजपूत एवं संभागीय उप प्रचार मंत्री श्रीमती पुष्प लता सेन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संभागीय संगठन मंत्री राकेश तिवारी ने भी उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपनी संगठन के पद के हिसाब से हमें कार्य करना चाहिए तभी हम अपने दायित्व को पूर्ण कर सकते हैं मंच का संचालन जिला सचिव सुरेश राय ने किया आए हुए सभी मां भक्तों का आभार व्यक्त डॉक्टर अजमेर सिंह ने किया। अंत में आये हुए सभी मां भक्तों ने प्रणाम कर शक्ति जल व प्रसाद प्राप्त किया।

# बैसाखी एवं खालसा स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दमोह।** पंजाबी महिला विकास समिति, दमोह द्वारा बैसाखी एवं खालसा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति की सभी महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ भाग लिया और पूरे कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन काजल जुनेजा एवं मनमीत अजमानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में नीतू गाँधी ने खालसा स्थापना दिवस एवं बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी सदस्यों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात अनमोल द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद सामूहिक नृत्य का भी आयोजन किया गया, जिसमें काजल जुनेजा, मंजू होगेन्या, सोनिया अरोरा, सूची अरोरा, पायल खत्री रावत, कुलजीत खंडूजा, गोल्डी खत्री तथा डॉ. ऋतु दुआ सहित कई अन्य सदस्यों ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान शहर की सम्माननीय महिलाओं का सम्मान डॉ. ऋतु दुआ एवं सोनिया अरोरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर बैसाखी से संबंधित विभिन्न रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया तथा समय पालन को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिताएं भी रखी गईं। पूरे कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। यह आयोजन सांस्कृतिक एकता, परंपरा और उत्सव की भावना का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

## द्वादश वर्षीय स्वाध्याय पाठ्यक्रम की परीक्षा संपन्न



**जबेरा।** जबेरा नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विगत दिवस द्वादश वर्षीय श्रमण संस्कृति स्वाध्याय पाठ्यक्रम की विभिन्न कक्षाओ की वार्षिक परीक्षा श्रमण सँस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के अंतर्गत आयोजित की गई जिसमें प्रथम वर्ष से लेकर अष्ठम वर्ष तक के परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा केंद्राध्यक्ष ₹राजेश जैन₹ ने जानकारी दी कि यह परीक्षा परम-पूज्य 108 आचार्य ₹श्री विद्यासागर जी मुनि महाराज₹ के परम शिष्य निर्यापक₹ मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ₹की प्रेरणा से आज से 8 वर्ष पूर्व प्रारम्भ की गई थी जिसमें सम्पूर्ण देश भर की जैन समाज के स्वाध्याय प्रेमी प्रतिवर्ष विभिन्न शास्त्रों का प्रतिवर्ष के पाठ्यक्रम के अनुसार अध्ययन करके इस परीक्षा में शामिल होते है। यह कुल 12 वर्षो का पाठ्यक्रम है जो कि क्रमश आसान गन्थों से सर्वार्थसिद्धि , पद्मपुराण ,आलाप पद्धति जैसे महान ग्रंथो इत्यादि की विषय सामग्री पर आधारित होती है। परीक्षा संयोजक अरविंद जैन के अनुसार इस परीक्षा का मूल्यांकन कार्य केंद्रीकृत रूप से मुख्यालय से किया जाता है । परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियो को पर्युषण पर्व के पश्चात मुनि श्री सुधा सागर जी मुनिमहाराज के सानिध्य में सम्मानित किया जाता है। पर्यवेक्षक के रूप अक्षत जैन उपस्थित रहे।

## हटा में शिक्षकों का सराहनीय कार्य



**दमोह।** मध्य प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए HPV वैक्सीन लगाई जा रही है। मैदानी अमला हर तरह के प्रयास कर रहा है। हटा ब्लॉक के विनती गांव के हाई स्कूल में पदस्थ शिक्षक रमेश साहू और जे एस राजपूत द्वारा HPV वैक्सीन के लिए गांव गांव जाकर अविभावकों को प्रेरित कर अपील की जा रही है। इसी क्रम में शिक्षक करैया जोशी गांव पँहुचे यंहा छात्राओं के परिवारो के खेतो में निवास होने के कारण शिक्षक नाले के बीच बने बांस के पुल को पारकर बस्ती में पँहुचे और स्कूल में अध्ययनरत 14 वर्ष की बालिकाओं के परिजनों को समझाईस देकर HPV वैक्सीन के लाभ बताते हुए उनसे वैक्सीन लगवाने की अपील की।

## शेर-ए-हिन्द कटरा कमेटी ने डेढ़ दर्जन जोड़ों का कराया निकाह, पौधा भेंट कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पन्ना।** पन्ना नगर के मनहर महिला समिति परिसर में शनिवार 11 मार्च को कौमी एकता और सेवा की एक खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। शेर-ए-हिन्द कटरा कमेटी के तत्वावधान में भव्य सामूहिक निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 18 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नई जिंदगी की शुरुआत की।इस वैवाहिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शशि परमार एवं वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद संगीता शिवहरे शामिल हुईं। उन्होंने नव-दंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए कमेटी के इस प्रयास की सराहना की। कमेटी सदस्य अयूब खान ने बताया की जोड़ो को निकाह के साथ-साथ गृहस्थी बसाने के लिए भी भरपूर सहयोग दिया गया। प्रत्येक जोड़े को फ्रिज , वॉशिंग मशीन, कूलर, मिक्सर, सोफा सेट, डबल बेड और अलमारी समेत 43 जरूरी घरेलू सामानों की किट प्रदान की गई। कमेटी सदस्य व रिटायर्ड शिक्षक रमजान खान ने बताया कि कार्यक्रम की सबसे अनूठी और प्रेरक बात यह रही कि निकाह के बाद हर जोड़े को एक पौधा भेंट किया गया। कमेटी का उद्देश्य है कि ये जोड़े अपने आंगन में इस पौधे को रोपकर न केवल अपनी खुशहाली, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज को दें। समारोह में अनुशासन और व्यवस्था का खास ध्यान रखा गया। प्रत्येक जोड़े की ओर से 25 बाराती और 25 घराती (कुल 50 मेहमान) शामिल हुए, जिनके लिए कमेटी द्वारा लजीज भोजन का भी व्यापक प्रबंध किया गया था।

# विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र में देरी पर शिक्षकों ने उठाई आवाज

### जाति प्रमाण पत्र समय पर जारी करने की मांग, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र समय पर उपलब्ध न होने के कारण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी विषय को लेकर शनिवार को अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में एसडीएम के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार विवेक व्यास को सौंपा गया। जिसमें यह मांग की गई है कि प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं व्यवस्थित बनाया जाए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में जुलाई-अगस्त माह के दौरान विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बीआरसीसी कार्यालयों के माध्यम से लोक सेवा केन्द्रों में जमा कराए गए थे। किन्तु गत वर्ष इन प्रमाण पत्रों के वितरण में 1 से 2 वर्ष तक का विलंब हुआ, जिसके कारण विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रवेश एवं अन्य आवश्यक कार्यों में कठिनाई आई। कई अभिभावकों को मजबूरीवश अतिरिक्त राशि खर्च कर पुनः प्रमाण पत्र बनवाने पड़े,



जिससे आर्थिक भार बढ़ा। इस समस्या के समाधान हेतु चरणबद्ध कार्ययोजना प्रस्तावित की गई है। प्रथम चरण में कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र 15 मार्च तक तैयार कर बीआरसीसी कार्यालय में जमा किए जाएं तथा 15 दिवस के भीतर विद्यालयों तक पहुंचाए जाएं, ताकि नए शैक्षणिक सत्र में उनका उपयोग हो सके। द्वितीय चरण में कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र 30 जून तक तथा तृतीय चरण में कक्षा 6, 7 एवं अन्य विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र जुलाई माह तक तैयार कर जमा कराने का सुझाव दिया गया है। यह भी अनुरोध किया गया है कि लोक सेवा केन्द्र संचालकों एवं प्रबंधकों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हो सके। समय पर प्रमाण पत्र उपलब्ध होने से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को अनावश्यक परेशानी, आर्थिक हानि एवं समय की बर्बादी से राहत मिलेगी। अतः प्रशासन से शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा की गई है। ज्ञापन सपना के समय गुड्डा सिंह ठाकुर के एल चौकसे, चंद्रशेखर हजारी, स्वदेश नेमा, राजकुमार शर्मा रघुराज सिंह ठाकुर कुंदन उपाध्याय ब्रजराज परिहार, जितेंद्र बागवार, दिलीप द्विवेदी, दिनेश यादव ,भारत सिंह, अभिनंदन दुबे, महेंद्र दीक्षित ,गणेश अहिरवार, अनुराधा तिवारी, पुष्पा राय, शिल्पा खरे सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

# सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य, महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं बाबा साहेब की संयुक्त जयंती समारोह सम्पन्न

### महापुरुषों के विचारों से ही देश का कल्याण सम्भव- योगेन्द्र कुशवाहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्थानीय खिरका मोहल्ला में सम्राट अशोक क्रांति सेना के बैनर तले बहुजन समाज में जन्मे महापुरुष चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य जी, राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा राव फुले जी एवं बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की संयुक्त जयंती समारोह के रूप मे बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बहुजन समाज में जन्में सभी महापुरुषों के चित्र पर फूल माला पहनाकर पुष्प वर्षा करते हुए उन्हें आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये की गई। इस अवसर पर सम्राट अशोक क्रांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा ने कहा कि महापुरुषों के विचारों से ही हमारे देश का कल्याण संभव है । हमें महापुरुषों के बताए हुए रास्ते पर चलते हुये उनके विचारों को अपनाकर समाज को शिक्षित एवं संगठित करना है।एवं अपने अधिकारों के लिये संघर्ष भी करना है।वर्तमान समय की सरकारें हमारे संविधान को खत्म करना चाहती है। और हमे आपस मे बांटना भी




चाहती हैं। आज हम सबको मिलकर संगठित समाज का निर्माण कर संविधान को भी बचाने आगे आना होगा। हमारे बीच व्याप्त जात-पात छुआछूत, अवधारणाओं एवं भेदभाव को भी खत्म करना है । उन्होंने आगे कहा कि सबका सहयोग एवं विश्वास साथ लेकर सम्राट अशोक क्रांति सेना सामाजिक न्याय की लड़ाई को लड़ते हुये महात्मा ज्योतिबा फुले जी की एक प्रतिमा हिण्डोरिया के इस चौक पर स्थापित कराने का काम भी करेगी। जिलाध्यक्ष मोहन कुशवाहा ने कहा कि सेना सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर है। और इसी संकल्प के साथ वर्तमान मे लगातार काम भी कर रही है। उन्होंने अपने सभी बहुजन समुदाय के लोगों से आपस में मिलजुल कर संगठित रहने की अपील की। इस मौके पर डॉ.हीरालाल , दिनेश पटेल, भूपेंद्र बौद्ध, मेहरबान कुशवाहा, आदि ने भी अपने क्रांति कारी विचार विस्तार से रखें। और महापुरुषों के बताये हुए रास्ते पर चलने एवं संगठित रहने की बहुजन समाज से पुरजोर अपील की। एकता परिषद जिला अध्यक्ष सुजात खान ने अपने स्वरचित ₹अय भीम तेरे कारण, मनुवाद रो रहा है। तेरा संविधान इनकी लुटिया डुबो रहा है। गीत गाकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन गजेन्द्र अहिरवार ने किया। इस मौके पर नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल , पार्षद कालूराम अहिरवार, पार्षद लक्ष्मण कुशवाहा, सरपंच रिंकू, अशोक अहिरवार, सतीश अहिरवार, नीरज, पंकज, जमुना कुशवाहा , श्याम लाल, शिवदीन कुशवाहा, बलराम कुशवाहा, मोहन मुकदम, जीवन लाल, माखन मौर्य, गोविंद कुशवाहा, ओमकार कुशवाहा, बाबू कुशवाहा, रंजीत कुशवाहा, गंगाराम कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा, मालती कुशवाहा, द्रोपदी कुशवाहा, आसाराम कुशवाहा,,होशियार कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, मोहन अहिरवार, पंकज वर्मा , धर्मेंद्र कुशवाहा ,सिया मिस्त्री, हल्कू पटेल, देवी पटेल, शिव पटेल, बृजलाल अहिरवार , राजेश कुशवाहा आदि की भूमिका एवं उपस्थिति सराहनीय रही।

# नई फसल की खुशबू और नववर्ष के उल्लास संग गूंजा बैसाखी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा बैसाखी की पूर्व संध्या पर आयोजित बैसाखी उत्सव ने शहर में उत्साह, परंपरा और उमंग का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। नई फसल के आगमन और नववर्ष के स्वागत का यह पर्व किसानों की मेहनत, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है, जिसे क्लब ने अत्यंत भव्यता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई जिसके पश्चात बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने पारंपरिक परिधानों में सज धज करढोल पर गिद्धा ओर भांगड़ा प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग जमा दिया।कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर जया मदान, पायल अरोड़ा, वर्षा अरोड़ा एवं अनु खुराना के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव में पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों और रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि मानो खेतों में लहलहाती फसल की खुशबू हर ओर बिखर गई हो। उपस्थित सदस्य नई फसल की उमंग में झूमते नजर आए और पूरे वातावरण में नवचेतना का संचार हुआ। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रजनी खरे ने अपने उद्बोधन में कहा किकृ "बैसाखी केवल पर्व नहीं, बल्कि हमारी धरती, हमारे किसान और उनके परिश्रम का उत्सव है। यह नई शुरुआत, नई ऊर्जा और समृद्धि का संदेश लेकर आता है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और हमारी संस्कृति को सहेजने का सशक्त माध्यम हैं। पूर्व अध्यक्ष स्मृति खरे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहाकृ जब खेतों में नई फसल लहलहाती है, तब हर मन खुशी और गर्व से भर उठता है। बैसाखी का यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हुए नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में उपस्थित रिम्मी जुनेजा ने बैसाखी पर्व का महत्त्व पर प्रकाश डाला ओर सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को बैसाखी एवं नववर्ष की शुभकामनाएं दीऔर पारंपरिक उल्लास के साथ उत्सव का आनंद लिया। अंत में सचिव ज्योति चिले द्वारा सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए इस सफल आयोजन को यादगार बनाने के लिए सभी को बधाई दी गई।

# मेरा पूरा परिवार व्यसन मुक्त है इसका पूरा श्रेय गायत्री परिवार से प्राप्त संस्कारों को है : राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



गायत्री शक्तिपीठ दमोह पर आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 का जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह धर्मेंद्र भावसिंह लोधी, संस्कृति ,पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )के मुख्य आतिथ्य और लखन पटेल राज्य मंत्री,डेयरी विकास एव पशुपालन (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा और कुलपति डॉ पवन जैन उपस्थित रहे।

इस सम्मान समारोह में जिले में संपन्न हुई वर्ष 2025 की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल हुए जिले भर के 126 विद्यालयों और 4 कालेजों से 10 हजार से अधिक छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए थे। जिसमें प्रत्येक श्रेणी में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को आकर्षक प्रमाणपत्र और नकद राशि और युग निर्माण का साहित्य पुरस्कार में दिया गया।यह पुरस्कार 52 प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मंच से प्रदान किया गया।

इस अवसर पर धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरे पिता बहुत पहले से ही गायत्री परिवार से जुड़े हुए है और उन्होंने वर्ष 1995 में जबलपुर अश्वमेध यज्ञ में हम भाइयों को भी गुरु दीक्षा दिलवा कर सीधे गायत्री परिवार से जोड़ दिया। आज मैं जहां भी हु उसका पूरा श्रेय गायत्री परिवार से प्राप्त संस्कारों को ही है।

लखन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे यह देखकर हार्दिक प्रसन्नता होती है कि दमोह जिले के बड़े बड़े और प्रतिभाशाली नागरिक गायत्री परिवार से प्रत्यक्ष जुड़े है। मै चाहता हूँ कि जिले भर के लोग गायत्री परिवार से जुड़कर अपने अपने परिवार को सुसंस्कृत बनाए।

जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा और कुलपति डॉ पवन जैन ने भी अपने अपने उद्बोधन में गायत्री परिवार के समाज जागरण के कार्यों की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन,गुरु वंदना से हुआ। मडियादो से पधारी संगीत टोली वाले रामकिशुन मिश्रा, रामशंकर छिरोलिया, दिवाकांत श्रीवास्तव एव साहू जी ने प्रज्ञागीतो से उपस्थित जन समूह को देशभक्ति,के भावों से भर दिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह ठाकुर, भावसिंह ठाकुर, राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष वैश्य सभा, डॉ राकेश राय, पप्पू असाटी , एक्सीलेंस स्कूल प्राचार्य आर पी पटेल सहित अनेक शालाओं के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र छात्राएं , अनेक गणमान्य नागरिक , गायत्री परिजन उपस्थित रहे।सुषमा जैन द्वारा किया गया।

# तेंदूखेड़ा उपवन मंडल के झलौन-बगदरी जंगल में भीषण आग, वन विभाग अलर्ट

**तेंदूखेड़ा।** उपवन मंडल के अंतर्गत झलौन एवं बगदरी क्षेत्र के मध्य स्थित वन क्षेत्र में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। यह आग तेजी से फैल रही है, जिससे बड़े पैमाने पर वन संपदा को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है, किंतु भीषण गर्मी, सूखे की स्थिति तथा मानवीय लापरवाही को संभावित कारण माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और आग पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। फायर ब्रिगेड की सहायता से आग बुझाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। साथ ही, वन कर्मियों द्वारा फायर लाइन बनाकर आग को आगे फैलने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इस आग से वन्यजीवों एवं पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचने की संभावना है। कई पशु-पक्षी अपने प्राकृतिक आवास से विस्थापित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धुएं के कारण वायु गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। प्रशासन द्वारा स्थानीय निवासियों से अपील की गई है कि वे जंगल के आसपास किसी भी प्रकार की आग जलाने से बचें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना संबंधित अधिकारियों को दें।

## चाकू से हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** दिनांक 10.04.26 को फरियादी कैलाश राजपूत को पेट में चाकू लगने से जिला चिकित्सालय दमोह में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। फरियादी कैलाश ने रिपोर्ट लेख करायी कि वह दिनांक 10.04.26 को रात 10.30 बजे अपने घर के सामने खड़ा था तभी रूपयों के लेने देने को लेकर आरोपी मंजीत राय ने उसे पकडा एवं शनि राय ने कैलाश पर चाकू से हमला कर दिया जिससे कैलाश को पसली में गंभीर चोट आयी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में आरोपी मंजीत एवं शनि राय के विरूध्द अपराध धारा 109(1), 351 (3), 296,115,3 (5) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में, अति० पुलिस अधीक्षक महोदय सुजीत सिंह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना तंत्र मजबूत किया गया एवं आज दिनांक 12.04.26 को घटना कारित करने वाले आरोपी मंजीत राय तथा शनि राय को गिरफ्तार किया गया आरोपी से घटना में प्रयुक्त बटनदार चाइनीज चाकू जप्त किया जाकर आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया है। सराहनीय कार्य करने वालों में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली, उनि नीतेश जैन, प्र.आर. अजीत दुबे, आर आकाश पाठक, नवीन, आयुष की सराहनीय भूमिका रही।

# भगवान परशुराम प्रकट उत्सव को लेकर मातृशक्ति की सक्रियता, भव्य शोभायात्रा की तैयारियां तेज

### परशुराम प्रकट उत्सव को लेकर मातृशक्ति की बैठक, तैयारियों को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले में आगामी 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले भगवान परशुराम प्रकट उत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिविल वार्ड क्रमांक 4 स्थित श्री शिव पार्वती मंदिर से शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है, जिसमें विप्र समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिल रही है। इसी क्रम में रविवार को पवित्र बंधन मैरिज गार्डन में समस्त मातृशक्ति द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भगवान परशुराम प्रकट उत्सव एवं शोभायात्रा को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। उपस्थित महिलाओं ने एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में तय किया गया कि सभी मातृशक्ति अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्राम, वार्ड एवं नगर में पीले चावल, सोशल मीडिया, दूरभाष के माध्यम से निमंत्रण देंगी ताकि अधिक से अधिक लोगों तक कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाई जाए, बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हो सकें।

मातृशक्ति ने जिले की सभी महिलाओं, विप्र समाज के बंधुओं एवं युवाओं से अपील की कि वे इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और शोभायात्रा को भव्यता प्रदान करें। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि भगवान परशुराम प्रकट उत्सव जिले में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है, जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करते हैं। इस बार भी आयोजन को ऐतिहासिक और आकर्षक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

# भाग्यशाली ही बड़े बाबा के चरणों में आ पाते हैं: मुनि श्री मंगलानंद सागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंण्डलपुर

सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैन धर्म के 20 वें तीर्थंकर भगवान श्री मुनिसुब्रत नाथ जी का जन्म एवं तप कल्याण महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धि कलश, पूजन विधान हुआ।श्री जी का पालना झुलाया गया। इस अवसर पर परम पूज्य मुनि श्री मंगलानंद सागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री मंगलसागर जी महाराज का सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में मंगल प्रवेश हुआ। मुनि संघ की अगवानी की गई एवं पाद प्रक्षालन किया गया। मुनि संघ के सानिध्य में भगवान श्री मुनिसुब्रतनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया। मुनि श्री ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि भाग्यशाली ही कुण्डलपुर के बड़े बाबा के चरणों में आ पाते। सुख संयम में है, सुख त्याग में है।

जयकुमार जलज ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धि कलश आदि करने का सौभाग्य सचिन शिवानी परिवार इंदौर, राजकुमार सुमन देवी परिवार गुवाहाटी, नेहा अमिनेश अहमदाबाद, रूपचंद कमला देवी गंगवाल ब्यावर, राकेश मुकेश गंजबासौदा, शुभम गीतांश गंगवाल असम, श्रेयांश रचित जैन ललितपुर, प्रतिमा प्रतीक जैन सतना, सुभाषचंद्र मयंक आगरा, पीयूष जैन एटा, पदमकुमार आदीश कुमार पहाड़िया जयपुर, निर्मलकुमार हरीश पांडया किशनगढ़ राजस्थान, अनुज अनुभा चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने अभिषेक का सौभाग्य प्राप्त किया। सांयकाल भक्तामर दीप अर्चना पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महा आरती हुई।

## जबेरा महाविद्यालय को मिला नया प्राचार्य



**जबेरा।** शासकीय महाविद्यालय जबेरा की प्राचार्य डॉ. कमल चौरसिया के दमोह स्थानांतरण के पश्चात महाविद्यालय में नए प्राचार्य के रूप में मोहित पांडे ने पदभार ग्रहण कर लिया है। नवागत प्राचार्य मोहित पांडे ने कार्यभार संभालते ही महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ ने नए प्राचार्य का स्वागत किया एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. कमल चौरसिया के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शिवानी पटेल का पुलिस आरक्षक पद पर चयन



**हिंडोरिया।** राजेंद्र पाठक मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल, हिंडोरिया की छात्रा शिवानी पटेल का मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक पद पर चयन होने से विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। शिवानी पटेल, पिता हरिशंकर पटेल ग्राम छपरी कंजरा पंचायत आंवरी जिला दमोह की निवासी हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की। और अपनी मेहनत व लगन से यह उपलब्धि हासिल की। विद्यालय परिवार ने इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए छात्रा को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक रोहन पाठक, प्राचार्या मेघा पाठक एवं समस्त शिक्षकों ने शिवानी को सम्मानित किया । तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने इसे पूरे स्कूल के लिए गौरव का क्षण बताते हुए अन्य विद्यार्थियों के लिए शिवानी का संघर्ष प्रेरणास्रोत बताया। शिवानी की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों, रिश्तेदारों, गाँव वालों के अलावा सभी ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।



## स्थानांतरित कलेक्टर से की सौजन्य भेंट

**जबेरा।** दमोह जिले में लगभग 2 वर्षों से अधिक समय तक कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले सुधीर कुमार कोचर से स्थानांतरण उपरांत विगत दिवस शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा के प्राचार्य संजय बाजपेई के द्वारा श्री कोचर का स्वागत एवं सम्मान करते हुए विद्यालय की सत्र 2025 - 26 की उपलब्धियां सप्रमाण प्रस्तुत करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से शाल एवं श्री फल भेंट कर अपनी शुभकामनाएं दी। जिले से निवृतमान कलेक्टर ने प्राचार्य को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि मैं हमेशा ही जबेरा विद्यालय के लिए अपना सहयोग देता रहूंगा। ज्ञात हो कि कलेक्टर के रूप में अपनी कार्य प्रणाली से जिले के अधिकारियों के साथ-साथ आम जनता के भी चहते बन गए थे।

### धनेटा में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस भक्तों ने लिया रुक्मणी विवाह का रसपान

# भाव के बिना भगवान कीमती चीजें भी नहीं स्वीकारते : कथावाचक दिनेश गर्ग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

ग्राम धनेटा में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक पंडित दिनेश गर्ग जी गुरु महाराज ने कहा कि भगवान केवल भावना से प्रसन्न होते हैं, बिना भाव के वे कीमती चीजों को भी स्वीकार नहीं करते। उन्होंने कहा कि यदि कोई भक्त सच्चे मन से एक फूल भी अर्पित कर दे तो प्रभु प्रसन्न हो जाते हैं। जब मनुष्य में ईश्वर प्रेम का भाव जागृत हो जाता है, तो वह संसार के मोह-माया से मुक्त होकर भक्ति मार्ग में स्थिर हो जाता है। कथा के दौरान महाराज श्री ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह प्रसंग का दिव्य वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को अमृतमय भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा पंडाल में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनमें महारास लीला, गोपी-उद्धव संवाद, और श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह उत्सव प्रमुख रहे। महाराज श्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भगवान भोलेनाथ भी उनके बाल रूप के दर्शन के लिए गोकुल पहुंचे थे। मथुरा गमन प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब अक्रूर जी भगवान को मथुरा ले जाने आए, तब ब्रज की समस्त गोपियां रथ के आगे खड़ी होकर करुणा भरे स्वर में बोलीं — "हे कन्हैया, जब तुम्हें हमें छोड़कर जाना ही था, तो हमसे प्रेम क्यों किया?" कथा स्थल पर भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण बना रहा। रुक्मणी विवाह प्रसंग में रुक्मणी मंगल झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें श्रद्धालु झूम उठे। भजन की मधुर ध्वनियों से वातावरण गूंज उठा और भक्तजनों ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह के इस पवित्र उत्सव का हर्षोल्लास से आनंद लिया भागवत कथा का आयोजन यजवान कृपाल पटेल एवं परिवार के द्वारा ग्राम धनेटा में किया जा रहा है।

## अपहृता की दस्तयाबी के बाद आरोपी युवक गिरफ्तार

**दमोह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल म0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे मुस्कान अभियान अंतर्गत नाबालिक बालिक/ बालिकाओ की अधिक से अधिक दस्तायाबी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी द्वारा आदेशित किया गया था। जो इसी तारत्मय मे थाना पटेरा के अपराध क्रमांक अप.क्र.100/26 धारा 137(2)बीएनएस की अपहृता की दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक/ अति.पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं एसडीओपी हटा के मार्गदर्शन में पुलिस थाना पटेरा द्वारा टीम गठित कर अपहृता की तलाश हेतु सतत प्रयास किये गये एवं अपहृता को दिल्ली से दस्तयाब किया गया एवं कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 87, 64(1), 64(2)L बीएनएस 5N/6 PACSO ACT का इजाफा किया जाकर आरोपी गोकल बसोर पिता प्रेमलाल बसोर उम्र 20 साल निवासी सिंगपुर थाना पटेरा को गिरफ्तार किया जाकर मान.न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण की विवेचना जारी है। सफलता में सराहनीय कार्य करने बाले अधिकारी कर्मचारी में थाना प्रभारी पटेरा उप निरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर,उनि संतोष सिंह,सउनि दिलीप सिंह,आरक्षक इंद्रजीत, आरक्षक बालमुकुंद एवं सायबर सेल दमोह की सराहनीय भूमिका रही ।

# लघु उद्योग भारती महाकौशल अंचल की बैठक संपन्न

### 22 जिलों से 150 से अधिक उद्यमियों की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




लघु उद्योग भारती महाकौशल अंचल की महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली बैठक उत्साहपूर्वक संपन्न हुई, जिसमें अंचल के 22 जिलों से 150 से अधिक उद्यमियों ने सहभागिता कर संगठन की मजबूती का परिचय दिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्षभर किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा करना एवं आगामी कार्ययोजना का निर्माण करना रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र जी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वृजुभाई, प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश मिश्रा एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अरविंद काले की विशेष उपस्थिति रही। राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि लघु उद्योग भारती विगत 32 वर्षों से देशभर के लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों की आवाज बनकर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी 25 अप्रैल को संगठन का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। वर्तमान में संगठन 600 से अधिक जिलों में 1100 से अधिक इकाइयों एवं 66,000 से अधिक उद्योगपतियों के साथ सक्रिय है, जिसमें लगभग 9 प्रतिशत महिला उद्यमियों की सहभागिता है। उन्होंने "जहां-जहां उद्यमी, वहां-वहां संगठन" के सिद्धांत को संगठन की मूल शक्ति बताया। उन्होंने लेबर एक्ट की बारीकियों को सरल भाषा में समझाते हुए उद्यमियों को जागरूक किया कि यदि व्यवसाय की छोटी-छोटी प्रक्रियाओं का सही तरीके से पालन किया जाए तो कई कानूनी जटिलताओं से बचा जा सकता है। साथ ही बाल श्रम निषेध एवं मितव्ययिता को व्यापार की सफलता का आधार बताया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वृजुभाई एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने संगठन की कार्यप्रणाली, विस्तार एवं उद्योगों की वर्तमान चुनौतियों पर अपने विचार रखे तथा उद्यमियों से संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। महिला अध्यक्ष प्रियंका सोनी ने बताया कि लघु उद्योग भारती द्वारा उद्यमियों के लिए निशुल्क उद्यम आधार पंजीयन, जीएसटी मार्गदर्शन एवं एमएसएमई से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान किया जाता है, जिससे छोटे उद्यमियों को विशेष लाभ मिल रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल ने संगठन के पांच प्रमुख कार्यक्रमों—स्थापना दिवस, सेवा कार्य, वरिष्ठ उद्यमियों का सम्मान, युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन एवं सदस्यता विस्तार—की जानकारी देते हुए सभी इकाइयों को सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर अरुण सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि लघु उद्योग भारती केवल एक संगठन नहीं, बल्कि उद्यमियों के लिए एक सशक्त मंच है, जो उनकी समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में संगठित रहकर ही छोटे उद्योगों को मजबूती मिल सकती है और संगठन के माध्यम से शासन-प्रशासन तक अपनी बात प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सकती है।

अंचल अध्यक्ष अनिल वासवानी जी ने महाकौशल अंचल के संगठनात्मक स्वरूप की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में 22 जिलों में 32 पूर्ण इकाइयां एवं 3 महिला इकाइयां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रत्येक औद्योगिक इकाई तक संगठन को पहुंचाने का लक्ष्य दोहराया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेवंत जैन, दिलेश चौधरी, पंकज अरोरा, प्रिंस वैभव जैन, संचित सेठ, सचिंद्र जैन, अमित जैन, पदम इटोरिया, लोकेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, राम जैन, गौरव जैन एवं सौरभ जैन सहित अनेक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।